छत्तीसगढ़ विधान सभा

मार्च-अप्रैल, 2012 सत्र

दैनिक कार्य सूची

मंगलवार, दिनांक 20 मार्च, 2012 (फाल्गुन 30,1933)

समय 11:00 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानआकर्षण

(1) श्री रविन्द्र चौबे, सदस्य, जांजगीर-चांपा जिले में श्याम एमको इंफास्ट्रकचर प्रा.लि. द्वारा एक किसान की जमीन को अनियमित रूप से क्रय किये जाने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) डॉ. शक्राजीत नायक, सदस्य, प्रदेश के उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों एवं मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में मौत होने की ओर श्रम मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

3. प्रतिवेदन की प्रस्तुति

श्री विरेन्द्र कुमार साहू, सभापति, गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का (सदन द्वारा पारित अशासकीय संकल्पों पर कार्यवाही संबंधी) षष्टम् प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे.

4. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्रीमती लक्ष्मी बघेल, सदस्य, बलौदाबाजार विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टेकारी से सुहेला मुख्यमार्ग तक पुल-पुलिया सहित डामरीकरण करने,

(2) डॉ. हरिदास भारद्वाज, सदस्य, सरायपाली विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -

- (i) ग्राम बलौदा में नल-जल योजना प्रारंभ कर पेयजल व्यवस्था करने,
- (ii) लात नाला में समूह जल प्रदाय योजना से पेयजल व्यवस्था करने,
- (iii) सरायपाली में शासकीय कन्या महाविद्यालय खोलने,
- (iv) सरायपाली में पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास खोलने,

क्रमश: 2

(3) श्री संतोष बाफना, सदस्य, जगदलपुर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -

(i) ग्राम ककनार से छिंदबहार होते हुए कोयनार तक सड़क निर्माण करने,

(ii) ग्राम नगरनार से नदीबोड़ना होते हुए छूरा तक सड़क व पुलिया निर्माण करने,

(iii) ग्राम मावलीपदर में हाईस्कूल भवन निर्माण करने,

(iv) ग्राम केशापुर में गुड़ीपारा से मांझीपारा मार्ग पर नाले पर पुल निर्माण करने,

(v) ग्राम कवालीकला में कदम पारा से टांगो पारा तक सड़क एवं पुल निर्माण करने,

(vi) ग्राम लेण्ड्रा के मांझीगुड़ा में माध्यमिक शाला भवन निर्माण करने,

(vii) ग्राम कोयनार से सेड़वा मार्ग पर कल्टाट नाले पर पुल निर्माण करने,

(viii) ग्राम लेण्ड्रा के बेलापारा में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण करने,

(4) श्री रामजी भारती, सदस्य, डोंगरगढ़ विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -

(i) ग्राम पाडादाह में एनीकट निर्माण करने,

(ii) ग्राम पाडादाह में कृषि महाविद्यालय खोलने,

(iii) ग्राम पाडादाह में आमनेर नदी पर पुल निर्माण करने,

(5) श्री डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, सदस्य, विकासखण्ड धमधा अंतर्गत -

(i) ग्राम अकोला से गुमा तक रोड डामरीकरण करने तथा

(ii) ग्राम मलपुरीकला से अकोला होते हुए कुम्हारी तक रोड डामरीकरण व पुलिया निर्माण करने

के संबंध में याचिकायें प्रस्तुत करेंगे.

5. वर्ष 2012-2013 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा (क्रमशः)

रायपुर
दिनांक 19 मार्च, 2012

देवेन्द्र वर्मा
सचिव.